Swami Keshvanand Institute of Technology, Management & Gramothan, Jaipur
IEI Student's Chapter
Department of Electronics & Communication Engineering

**Event Name:** Cyber Safety Essentials

**Date:** 05 February 2026

**Time:** 2.00-3.30 PM.

**Resource person**: Mr. Manoj Raman, Assistant Professor, IT Department, SKIT

**Venue:** JC Bose Seminar Hall.

**Organizers:** IEI Student Chapter

**Objectives**: The primary objective of organizing the session on *"Cyber Safety Essentials"* was to create awareness among students regarding the growing importance of cybersecurity in today's digital era. With the increasing dependency on digital platforms for communication, education, and professional activities, it has become crucial for individuals to understand potential cyber threats and adopt safe online practices.The session aimed to educate students about various forms of cyber risks such as phishing, malware attacks, identity theft, and data breaches. It also intended to provide practical knowledge on how to safeguard personal and organizational data. Another important objective was to encourage students to develop a responsible and ethical approach towards internet usage, thereby promoting cyber hygiene and digital discipline.



# डिजिटल सुरक्षा पर जागरूकता एसकेआईटी में साइबर सेफ्टी सेमिनार का सफल आयोजन

दिव्य जनजागृति समाचार

जयपुर। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान (एसकेआईटी), जयपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग तथा आई ई(I) स्टूडेंट चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सेफ्टी एसेंशियल्स विषय पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आईटी विभाग, एसकेआईटी के सहायक प्राध्यापक मनोज रमन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. स्वाति अरोड़ा द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ हुई। अतिथि का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। अपने व्याख्यान में वक्ता ने साइबर सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सामान्य साइबर खतरों, डिजिटल सुरक्षा के बुनियादी उपायों, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार तथा डेटा और सिस्टम की सुरक्षा के प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विद्यार्थियों को वर्तमान डिजिटल युग में सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय को गहराई से समझने का प्रयास किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के अंत में छात्र समन्वयकों – आस्था शर्मा एवं आलिया परवीन – ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। अंतत अभिनंदन जैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए मुख्य वक्ता, संकाय सदस्यों एवं सभी उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।